## तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा- आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा की पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

बीज मंत्र...

**माँ चन्द्रघंटा: ऐं श्रीं शक्तयै नम:**

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी के दो आरोपियों को भेजा जेल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी पुलिस ने भैंसा बुग्गी चोरी के मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि इस्लामनगर निवासी रेहान और जीशान की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने रुपपुर कमालू गांव के लालाराम के खेत से भैंसा व भैंसा बुग्गी चोरी की थी।

### जानलेवा हमले के आरोपी पकड़े

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी बाबूराम सक्सेना और हिंमांशु की गिरफ्तारी की। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीते दिनों रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

### चोरी की सरिया बरामद, दो गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद पुलिस ने चोरी की 3.15 क्विंटल सरिया बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि पंजलाबी कॉलोनी मैनपुरी के रहने वाले रोबिन कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में देवरनिया बरेली के ग्राम बकैनिया स्वाले निवासी राजवीर और अंकित को जेल भेज दिया।

# हर्षित के परिवार से मिले केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

## परिवार ने सौंपा पत्र, सीबीआई जांच की मांग, न्याय का आश्वासन

**बदायूं गोलीकांड**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बदायूं में एचपीसीएल प्लांट में हुए डबल मर्डर केस में जान गंवाने वाले हर्षित मिश्रा के परिवार से पूरनपुर पहुंचकर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान परिजनों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग दोहराते हुए कुछ संदिग्ध लोगों के नाम भी केंद्रीय राज्यमंत्री के समक्ष रखे। इस पर उन्होंने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

केंद्रीय मंत्री के हर्षित मिश्रा के पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा स्थित आवास पर पहुंचने के बाद हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा और भाई वैभव मिश्रा ने पूरी घटना की जानकारी देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों ने एक लिखित पत्र भी सौंपा। मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा। हर्षित की मां से भी जितिन प्रसाद ने बात की, जिन्होंने बेटे के हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सीबीआई जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, परिवार की ओर से वैभव मिश्रा के जोधपुर से नजदीकी स्थान पर स्थानांतरण की मांग भी रखी गई, जिस पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उधर, प्रशासनिक स्तर पर भी परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। विधायक बाबूराम पासवान ने मृतक के पिता सुशील मिश्रा को राइफल और भाई वैभव मिश्रा को रिवाल्वर का शस्त्र लाइसेंस प्रदान किया। इस दौरान एसडीएम अजीत प्रताप सिंह समेत अफसर और भाजपा नेता मौजूद रहे।



परिवार से वार्ता करते केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद।

- पिता और भाई को सौंपे गए शस्त्र लाइसेंस

### हत्यारोपी के ताऊ पर मुकदमा, ठोंका 45 लाख का जुर्माना

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज तहसील के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी के परिजनों पर शिकंजा कसना तेज कर दिया है। हत्यारोपी और उसके परिजनों की 11 दुकानों और एक मकान का ध्वस्तीकरण हो चुका है। अवैध रूप से लगाए जाने वाले बाजार में तय बाजारी बंद करा दी गई है। अब प्रशासन ने हत्यारोपी के ताऊ पर शिकंजा कसा है। ताऊ के खिलाफ तहसीलदार कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज कराया है। साथ ही 45 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च को उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता व सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## गेट लगाने के विवाद में मारपीट, तीन घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम चिड़ियादाह निवासी उस्मान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मार्च की शाम करीब 5:30 बजे गेट लगाने को लेकर उसके पड़ोसी रिजवान पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद, साबिर पुत्र मोहम्मद आमीन और रिजवान पुत्र मोहम्मद साबिर उसके छोटे बेटे दानिश के साथ कहासुनी हो गई। इस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली गलौज करना शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उसका बड़ा बेटा आमिर, पत्नी नसीमा और सास रसीतन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि एक आरोपी के हाथ में कोई लोहे का सामान था, जिससे आमिर के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि नसीमा और रसीतन के शरीर पर भी चोटें आई हैं। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित उस्मान घायलों को लेकर थाने पहुंचा और पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पति समेत तीन पर एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर पांच की निवासी नेहा पुत्री स्वर्गीय बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2019 में बारादरी बरेली के संजय नगर के रहने वाले मनीष सक्सेना पुत्र ओमकार से हुई थी। अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने 26 जनवरी को मारपीट की। जान से मारने की ध्णमकी दी गई। पुलिस ने मामले में मनीष सक्सेना, ओमकार और रानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# आज मनाई जाएगी ईद, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

- जिले को जोन व सेक्टर में बांटकर तैयार किया सुरक्षा खाका, 40 क्यूआरटी तैनात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ईद पर्व आज जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। शहर के ईदगाह में मुख्य नमाज सुबह 10 बजे अदा की जाएगी, जबकि जिले की अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाज का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जिले को चार जोन, 17 सेक्टर और 58 सब सेक्टर में विभाजित कर सुरक्षा का मजबूत ढांचा तैयार किया है। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम और सीओ को सौंपी गई है, जबकि सेक्टर और सब सेक्टर स्तर पर थाना व चौकी प्रभारी तैनात रहेंगे।

जिले की 61 ईदगाहों में सुबह आठ बजे से साढ़े दस बजे तक नमाज अदा की जाएगी।

वहीं, 338 प्रमुख मस्जिदों में सुबह साढ़े छह बजे से दोपहर 12 बजे तक नमाज का समय निर्धारित किया गया है। एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा ने बताया कि सभी संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने से रोका जा सके। इसके अलावा 40 क्यूआरटी भी गठित की गई हैं, जो आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करेंगी। त्योहार के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पशुपालकों और सुअर पालकों को नोटिस जारी किए गए हैं, ताकि आवारा पशु सड़कों पर न निकलें और नमाजियों को कोई असुविधा न हो। ईद वाले दिन अफसर भी भ्रमण शील रहेंगे। अगर बारिश हुई तो ईद की नमाज जामा मस्जिद में अदा होगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की ओर से ईदगाह के पास साफ सफाई के अलावा टेंट आदि का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



ईद से पहले बाजार में भ्रमण करते एएसपी विक्रम दाहिया व सीओ सिटी। ● अमृत विचार

### बाजार में उमड़ी भीड़ जमकर हुई खरीदारी

ईद का ऐलान होने के बाद शहर के मुख्य बाजार से लेकर मोहल्लों की गलियों तक हर तरफ ईद की तैयारियों की धूम है। विशेषकर सिवइयों और सूखे मेवों की दुकानों पर ग्राहकों का तांता लगा हुआ है। इस बार ईद पर बाजार में इस बार बनारसी, लच्छेदार और किमामी सिवइयों की भारी मांग है। दुकानदार बताते हैं कि जीरो नंबर की बारीक सिवई और फेनी की बिक्री सबसे अधिक हो रही है। इसके साथ ही काजू, बादाम, पिस्ता और छुहारों सूखे मेवों के भाव में तेजी के बावजूद लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। कपड़ों, जूतों और टोपियों के शोरूम पर देर रात तक ग्राहकों की चहल-पहल बनी हुई है। बच्चों के लिए नए लिबास और खिलौनों की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी जा रही है।

## पैर दबाने में हुई देर तो पति ने कर दी पिटाई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पैर दबाने में देरी होने की बात पर आरोप है कि पति ने विवाहिता की पिटाई कर दी। थाना गजरौला क्षेत्र के गांव उगनपुर निवासी सरोजा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च की रात करीब आठ बजे उसका पति अरविंद कुमार घर आया और उससे पैर दबाने को कहा। उस समय वह बच्चों को दूध पिला रही थीं। जिस पर उसने कुछ देर बाद आने की बात कही। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर पति ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति अक्सर दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने मायके वालों से इस मामले की शिकायत की, तो परिवार वाले समझाने के लिए आए तो आरोपी पति ने उनके साथ मारपीट कर दी। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# 34 दिन में पुलिस नहीं कर पाई गिरफ्तार घोटाले के आरोपी चपरासी को जमानत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला न्यायालय से राहत न मिलने पर आरोपी इल्हाम ने ली थी हाईकोर्ट की शरण

**अमृत विचार:** डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी करने वाले इंटर कॉलेज के चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी को एफआईआर दर्ज होने के 34 दिन बाद भी पुलिस की गठित चार टीमें गिरफ्तार नहीं कर सकी। शिकंजा कसने के नाम पर कोतवाली पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके। इधर, एफआईआर के 34 दिन बाद इल्हाम उर्रहमान शम्सी को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई। बता दें कि पूर्व में आरोपी इल्हाम ने सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था, जिसे सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया गया था। इस मामले में डीआईओएस कार्यालय वरिष्ठ सहायक विमल कुमार वर्मा भी निलंबित किया जा चुका है।

बता दें कि बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी पद पर तैनात इल्हाम उर्रहमान शम्सी को करीब सात साल से अधिक समय से नियम विरुद्ध तरीके से डीआईओएस कार्यालय में अटैचमेंट के नाम पर तैनात करके बाबूगिरी कराई जा रही थी। आरोप है कि उसमें कुछ जिम्मेदारों के संरक्षण में फर्जीवाड़ा करते हुए एक करोड़ से अधिक सरकारी धनराशि अपनी पत्नी अर्शी खातून के बैंक खाते में स्थानांतरित कराई। शुरुआत से ही जिम्मेदार मामले को लंबे समय तक दबाए रहे। फिर तूल पकड़े जाने पर इल्हाम को निलंबित किया गया। डीआईओएस राजीव कुमार पहले घोटाले से इन्कार कर रहे थे और बाद में उनके द्वारा ही कोतवाली सदर में इल्हाम और उसकी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ रिपोर्ट 14 फरवरी को दर्ज कराई गई। आरोपी अर्शी खातून को पुलिस जेल भेज चुकी है। डीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन स्तर से जांच कमेटी गठित हो चुकी है। हालांकि इसके बाद कई अन्य संदिग्ध खाते भी फ्रीज किए जा चुके हैं। जिनकी जांच चल रही है। कई अन्य अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। मगर, एक्शन नहीं लिया जा सका है। बीते दिनों इल्हाम उर्रहमान शम्सी ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका की थी जोकि सुनवाई के बाद निरस्त कर दी गई। इधर, पुलिस की चार टीमें गिरफ्तारी के लिए गठित की गई। मगर उस तक पुलिस नहीं पहुंच सकी। इन सबके बीच हाईकोर्ट से अब मुख्य आरोपी इल्हाम उर्रहमान शम्सी को अग्रिम जमानत मिल गई है।




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# कलीनगर नहर की झाल में फंसा मिला कंकालनुमा क्षतविक्षत शव

## नहर का पानी बंद कराए जाने पर जलस्तर घटते ही उतराया तो जुटी भीड़

संवाददाता, माधोटांडा/पीलीभीत

- लापता किशोरी के रूप में कपड़े देखकर की शिनाख्त
- माधोटांडा क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच-पड़ताल

**अमृत विचार :** कलीनगर नहर का पानी रोके जाने के कुछ देर बाद ही झाल में किशोरी का क्षतविक्षत कंकालनुमा शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों की नजर पड़ी और शोर मचा तो कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। क्षेत्र के एक परिवार ने अपनी लापता चल रही नाबालिग पुत्री का शव होने का दावा करते हुए शिनाख्त की बात कही। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र में कलीनगर नहर गुजरी है। बीते दिनों नहर का पानी बंद कर दिया गया था। दूसरे दिन शुक्रवार सुबह जब जलस्तर कुछ कम हुआ तो चित्तरपुर पुल के पास झाल में युवती का क्षतविक्षत हालत में शव फंसा मिला। शव मिलने का शोर मचते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। शव काफी गल चुका था, उसकी पहचान हो पाना भी मुश्किल प्रतीत हो रहा था। इसे लेकर तमाम तरह की चर्चाएं तेज हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों की मदद से पुलिस ने झाल में फंसे शव को बाहर निकाला। इसी बीच एक परिवार पहुंचा और क्षतविक्षत शव के कपड़ों को देखते हुए उसकी पहचान अपनी लापता नाबालिग पुत्री के रूप में की। हालांकि चेहरे आदि को देखकर पूर्णतया पहचान नहीं हो पा रही थी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरोगा सैफ का कहना है कि शव मिलने की सूचना पर गए थे। एक लापता किशोरी के परिवार ने कपड़ों से शिनाख्त की है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



शव मिलने के बाद लगी भीड़ और पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

### 28 दिसंबर को लापता हुई थी किशोरी

क्षतविक्षत कंकालनुमा शव की जिस लापता किशोरी के रूप में पहचान करने का दावा किया गया है। वह 28 दिसंबर 2025 को लापता हुई थी। कलीनगर कस्बा निवासी रमेश पुत्र नरायनलाल की ओर से अज्ञात के खिलाफ 13 जनवरी 2026 को माधोटांडा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें बताया गया था कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। बताते हैं कि उस वक्त चप्पलें कलीनगर नहर पुल पर मिली थीं। उसी दौरान किशोरी के नहर में डूबने की आशंका जताई गई थी लेकिन उस वक्त पता नहीं चल सका था। अब बरामद शव भी कई माह पुराना प्रतीत हो रहा है। उसके कपड़े के आधार पर परिवार ने लापता किशोरी का शव होने की बात कही है।

# ई-लाटरी के माध्यम से 18 शराब दुकानों का हुआ आवंटन

**पीलीभीत, अमृत विचार:** डीएम-एसपी एवं आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्य एवं जिला आबकारी अधिकारी की मौजूदगी में ई-लॉटरी के माध्यम से जनपद की 15 देशी मदिरा दुकानों और 03 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का आवंटन किया गया। गांधी सभागार में शुक्रवार को ई-लाटरी के माध्यम से आवंटन किया गया। जिसमें कुल 18 मदिरा दुकानों पर 105 आवेदन प्राप्त हुए। सर्वाधिक 22 आवेदन रम्पुरा कपूरपुर गांव पर प्राप्त हुए।

ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान सबसे पहले जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक ने लॉटरी से संबंधित जानकारी आवेदकों के समक्ष पढ़कर सुनाई। सिमुलेशन की कार्रवाई करते हुए सभी आवेदकों की आवंटन होने की एक समान संभावना को दर्शाया गया। इसके बाद रैंडमाइजेशन के माध्यम से कंप्यूटर द्वारा दुकानों का आवंटन हुआ। सभी सफल आवेदकों की सूची जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई। इस दौरान सभी सफल आवेदकों को आवंटन आदेश भी जारी किया गया।

# पंचायत चुनाव : दीवारों पर पोस्टर चिपकाया तो खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर दिए निर्देश
- प्रधानाचार्य ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर की थी शिकायत

**अमृत विचार:** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी बढ़ने के साथ ही अब जिम्मेदारों ने सार्वजनिक व निजी संपत्तियों के बचाव को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रचार के दौरान घरों की दीवारों और दरवाजों पर पोस्टर चिपकाना अब भारी पड़ सकता है। प्रशासन ने सभी खंड विकास अधिकारियों को इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं।

बीते दिवस गुरुनानक इंटर कॉलेज करनापुर शाहगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर शिकायत की थी। भेजे गए पत्र में अवगत कराया गया कि ग्राम प्रधान चुनाव के दौरान प्रत्याशी घरों की दीवारों और दरवाजों पर अंधाधुंध पोस्टर चिपका देते हैं। इससे न केवल घर का सौंदर्य बिगड़ता है, बल्कि चुनाव बाद पोस्टर छुड़ाने से पेंट और पुताई भी खराब हो जाती है। मना करने पर प्रत्याशी और उनके समर्थक मारपीट और गाली-गलौज पर उतारू हो जाते हैं। पत्र में उन्होंने गांवों में पोस्टर चिपकाने के बजाय केवल फ्लेक्सी लगाने या पंफ्लेट बांटने की ही बात कही। मामले को गंभीरता से लेते सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने सभी ब्लाकों के खंड विकास अधिकारियों को पत्र भेजकर गांवों में पोस्टर न लगाकर उसके स्थान पर फ्लैक्सी व पंफ्लेंट का प्रयोग कराने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान निजी व सार्वजनिक संपत्तियों को विरूपित करना नियमों के विरुद्ध है। पोस्टर चिपकाने से लोगों की निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचता है, जिसकी शिकायतें मिली थीं। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दंपती ने सोलर रूफटॉप लगवाकर नहीं किया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 1.55 लाख हड़पने और झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

**अमृत विचार :** शहर के नकटादाना चौराहा स्थित पीवीएस ट्रेडर्स के संचालक प्रीतम शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पीएम सूर्याघर योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगाने का कार्य करते हैं। 22 दिसंबर 2024 को कृष्ण लोक कॉलोनी निवासी सुनीता देवी अपने पति रामदास के साथ उनके कार्यालय आई थी और सोलर रूफटॉप सिस्टम की जानकारी ली। इसके बाद 24 दिसंबर 2024 को सुनीता देवी अपने पति और पुत्र के साथ दोबारा कार्यालय आईं, जहां तीन किलोवाट का सोलर रूफटॉप सिस्टम 1.95 लाख रुपये में लगाने का समझौता हुआ। दोनों पक्षों के बीच लिखित अनुबंध भी हुआ, जिसमें भुगतान बैंक ऋण के माध्यम से करने की बात कही गई। आरोप है कि विश्वास के आधार पर उनके घर पर सोलर सिस्टम स्थापित कर चालू कर दिया गया, लेकिन बाद में बैंक से ऋण आवेदन निरस्त हो गया। इसके बाद दंपति ने भुगतान से किनारा कर लिया। काफी दबाव बनाने पर उन्होंने 40 हजार रुपये का चेक दिया। बकाया मांगने पर भुगतान से साफ इंकार कर दिया। गाली-गलौज और धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सहभागिता की डिमांड अपलोड न मिलने पर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- हर माह की 28 तारीख तक डिमांड जिलास्तर पर भेजने के दिए निर्देश
- डीएम ने बैठक कर की गोशलाओं की समीक्षा, दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में जनपदस्तरीय गोशाला अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई। समीक्षा के दौरान सहभागिता के गोवंशों को दी जाने वाली धनराशि की डिमांड अपलोड न मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोवंशों का सत्यापन कर मांग हर माह की 28 तारीख तक जिलास्तर पर भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने 50 से कम गोवंशों वाली गोशालाओं में अतिरक्त शेड बनाकर गोवंशों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।



गांधी सभागार में बैठक के दौरान गोशालाओं की समीक्षा करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

गांधी सभागार में बीते गुरुवार देर शाम डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। बैठक के दौरान जनपद की 66 गोशालाओं की समीक्षा गई। वर्तमान में इन सभी गोशालाओं में 7619 गोवंश संरक्षित है। बैठक के दौरान डीएम ने सहभागिता पर दिए गए गोवंशों के लिए दी जाने वाली मांग समय से अपलोड न मिलने पर खासी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सहभागिता के तहत दिए गए 8816 गोवंशों का समय से सत्यापन कर उनके 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मांग हर माह की 28 तारीख तक जिलास्तर पर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गोशालाओं की मांग भी प्रत्येक माह की 25 तारीख तक जिला मुख्यालय पर भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सहभागिता में दिए गए गोवंशों को सत्यापित करके रिपोर्ट एक हफ्ते के अंदर जिला मुख्यालय को दी जाए। वहीं सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक गोशाला में पर्याप्त पीने की व्यवस्था, हरे चारे और छाया की व्यवस्था कर ली जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार त्यागी ने 50 से कम संख्या वाली गोशालाओं में और गोवंश रखने का सुझाव दिया। इस पर डीएम ने 50 से कम संख्या वाली गोशालाओं में अतिरिक्त शेड बनवाकर पशु संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में डीडीओ संजय कुमार, डीपीआरओ रोहित भारती समेत सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी और जिलास्तरीय नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया फार्माकोलॉजी क्विज में छात्र को दूसरा स्थान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** केजीएमयू लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित पैन इंडिया फार्माकोलॉजी क्विज 2026 में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, पीलीभीत के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में देशभर के मेडिकल कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें पीलीभीत के 20 छात्रों ने सहभागिता की। एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धांत बाजपेयी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि का श्रेय छात्रों की मेहनत और फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. शकील अहमद के मार्गदर्शन को दिया गया। प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने छात्र को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मौखिक स्वच्छता के महत्व और तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय के सभागार में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने मौखिक स्वच्छता के महत्व और तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमाकांत सागर ने दंत उपचार में हो रही प्रगतियों की जानकारी दी, जबकि डॉ. जगदंबा शरण ने मुख कैंसर के लक्षणों के प्रति सतर्क रहने को कहा। दंत विभागाध्यक्ष डॉ. के. एल. गुप्ता ने दैनिक जीवन में मौखिक स्वच्छता की भूमिका बताई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सही ब्रशिंग तकनीक का प्रदर्शन किया। इस दौरान डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, मरीजों व तीमारदारों को जागरूक किया गया।

# बेडसाइड जांच से मेडिकल कॉलेज में मिला इलाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पॉइंट ऑफ केयर टेस्टिंग से मरीज तक पहुंची जांच सुविधा
- पांच मिनट में गंभीर बीमारियों की पहचान संभव

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध अस्पताल के आईसीयू में अब गंभीर मरीजों के इलाज की तस्वीर बदल गई है। यहां पॉइंट ऑफ केयर टेस्टिंग (पीओसीटी) तकनीक लागू होने से मरीजों की जांच अब सीधे उनके बेडसाइड पर ही तेजी से की जा रही है। इससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि गंभीर मरीजों को इधर-उधर ले जाने का जोखिम भी खत्म हो गया है।

प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा के नेतृत्व में शुरू की गई इस व्यवस्था को आईसीयू प्रभारी डॉ. अरविंद एम की देखरेख में लागू किया गया है।

इस तकनीक के जरिए डॉक्टर अब बेडसाइड अल्ट्रासाउंड से हृदय, फेफड़े और पेट की तुरंत जांच कर पा रहे हैं। साथ ही इलेक्ट्रोलाइट, हीमेटोक्रिट, शुगर और लैक्टेट जैसी जरूरी जांच भी मौके पर ही हो रही हैं, जिससे मरीज की स्थिति का तुरंत आकलन संभव हो रहा है।

इसके अलावा ईसीजी, एबीजी और मूत्र परीक्षण के जरिए पांच मिनट के भीतर ही हृदयाघात, फेफड़ों की समस्या या अन्य गंभीर बीमारियों का पता लगाया जा रहा है।

जल्द ही बेडसाइड डिजिटल एक्स-रे सुविधा भी शुरू होने जा रही है। यह पहल जिले में बेहतर और त्वरित इलाज की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है, जिससे मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी।

## न्यूज डायरी



### गौरैया के संरक्षण का लिया संकल्प, विजेता पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय टाहपौटा में शुक्रवार को विश्व गौरैया दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना ने बच्चों को गौरैया के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गौरैया चिड़िया पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह पौधों और फसलों को हानिकारक कीटों से बचाती है। बीज फैलाने में भी सहायक है। विजेता ऋषभ, पल्लवी, झलक वर्मा, प्रांशी, कृष्णा, आस्था शर्मा, आर्यन कुमार मौर्य, साधना, सोनाक्षी, कौशल राज, सोनी, मानव, अतुल कुमार, हेमलता, आयुषी सागर, साधना देवी और पल्लव मौर्य को प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना ने सम्मानित किया।



### प्रतियोगिता में ज्ञान के बच्चों ने बढ़ाया मान, मिला सम्मान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। 10वीं की छात्रा गौरी यादव ने जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में एकल एवं युगल दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया। बालक कबड्डी टीम ने गांधी स्टेडियम पीलीभीत में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी स्कंद, तरनप्रीत संधू, हृयांश, अनंत, युवराज, अर्जुन, आयुष, कार्तिकेय, अक्षित, देव ने अनुशासन, टीमवर्क और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त सेपक टाकरा खेल में सुरभि कॉलोनी शाखा की छात्रा अवनी भारती ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में शुक्रवार को कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं वार्षिक परिणाम वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने कराई। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। शिक्षिका अनुराधा शर्मा और भूमिका सिंह ने अभिभावकों को कक्षा नौ के पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।



### समारोह में पुरस्कृत हुई माध्यमिक और जूनियर वर्ग के मेधावी

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित हुए समारोह में माध्यमिक व जूनियर वर्ग की टॉपर्स छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किए गए। प्रबंधिका राधा अग्रवाल, सहप्रबंधक धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. राजेश अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थय केंद्र की डॉ .ललिता रस्तोगी, प्रधानाचार्य अर्चना चौहान ने माध्यमिक व जूनियर कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय अंक पाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। माध्यमिक वर्गमें अंशिका सिंह ने 93 .82 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आस्था गंगवार ने 98 . 80 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांतीय स्तर प्रतियोगिता सरस्वती प्रतिभा खोज में अंशिका गंगवार ने प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त किया और प्रांत के द्वारा 5100 रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में प्राप्त की।



### मां पूर्णागिरि के दर्शन को रवाना हुआ जत्था, लगाए जयकारे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नवरात्रि पर मां पूर्णागिरि दरबार को जाने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला बरकरार है। इसी क्रम में दूसरे दिन शुक्रवार को माधोटांडा कस्बे से एक जत्था उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि दरबार के लिए रवाना हुआ। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना कराया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता, भाईचारे और जनहित के कार्यों के लिए सपा प्रतिबद्ध रही है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को एकजुट करने का कार्य करते हैं। बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और सभी ने उत्साहपूर्वक जत्थे को रवाना किया। इस मौके पर मीता सिंह, ओम शर्मा, मनोज गौतम, अरविन्द शर्मा, राममूर्ति सिंह, निर्भय सिंह, जयपाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रास्ते के विवाद में जमकर मारपीट, तीन घायल

निघासन। अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव रकेहटी निवासी के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी विजय ने बताया कि उसके परिवार का एक रास्ता है, जिस पर वे लोग आना-जाना करते हैं। कुछ लोग उसी रास्ते पर जबरन निर्माण कार्य करने लगे। जब इसका विरोध किया, तो आरोपित सर्वेश, रजनीश, संगीता, गोपी, धीरज व खुदरी समेत अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इससे उसका सिर फूट गया। वहीं बचाव में आए उसके भतीजे तरुण और मूर्ति देवी को भी आरोपियों ने भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।

### डॉक्टर बुलाने जा रहे युवक को पीटा

लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : कोतवाली धौरहरा के गांव बढहिनपुरवा निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार की देर शाम वह गांव के डॉक्टर को बुलाने जा रहा था। इसी दौरान ग्राम समरदा बदाल निवासी विनीत कुमार ने उसे रोक लिया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर डंडे से पिटाई कर दी। इससे उसके सिर और दाहिने हाथ के पंजे में चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई अंकित सिंह को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आग से झुलसी बुजुर्ग महिला की मौत

लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : थाना पढुआ क्षेत्र के गांव तेलियार निवासी ओम प्रकाश की 65 वर्षीय पत्नी मैकिन बुधवार की रात करीब 10 बजे घर के बाहर आग सेंक रही थी। बताते हैं कि अचानक उसकी साड़ी आग की चपेट में आ गई, ऐसे में वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां गुरूवार की रात इलाज के दौरान मौकिन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### श्रीराम जन्मोत्सव 25-26 को मनेगा

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : बजाज चीनी मिल स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव 25, 26 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। पुजारी आचार्य सुधीर विजल्वाण ने बताया कि 25 मार्च को अखण्ड रामायण पाठ प्रात: आठ बजे से प्रारंभ होगा। 26 मार्च को आरती, प्रसाद भण्डारा, दोपहर 12 बजे से मिल क्लब स्कूल प्रांगण में होगा। चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव, नरेन्द्र कुमार, अवनी पांडे, अजीत तिवारी ने भक्तों से श्रीराम जन्मोत्सव में आने की अपील की है।

# तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी, ओले गिरने से ठिठुरन

## मौसम ने ली करवट: दिन भर आसमान में छाये रहे बादल, मौसम बदलने से किसानों की बड़ी धड़कन, कैसे कटकर घर आएगी फसल

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** जिले में शुक्रवार को अचानक मौसम का मिजाज बदलने से तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी से ठंड फिर लौट आई है। वर्षा से फसलों को लाभ हुआ है, लेकिन कई जगहों पर ओले गिरने से लाही, सरसों और मसूर की फसल को काफी नुकसान हुआ है।

तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने, आसमान में बादल छाये रहने से किसानों को लगभग पके खड़े गेहूं की चिंता सताने लगी है। गेहूं की फसल खेत में गिरने से दाना कमजोर हो जायेगा, जिससे फसल प्रभावित होगी। हालांकि गन्ने की खड़ी फसल और बो चुके खेतों में वर्षा का लाभ मिला है।

रोशननगर। क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से मौसम में बदलाव आया। सुबह हल्की बारिश हुई। इस बारिश से लाभ कम नुकसान ज्यादा हुआ है। किसानों की पकी हुई सरसों की फसल, पक चूके गेहूं को काफी नुकसान पहुंचेगा। तेज हवा के साथ अगर ज्यादा बारिश हुई तो गेहूं की फसल गिर सकती है। वहीं क्षेत्र के तमाम किसानो की सरसों की फसल पकी व कच्ची खड़ी है जिसमें बारिश ज्यादा होने पर काफी नुकसान हो सकता है। आम के बौर को भी भी नुकसान होगा। किसानों का मानना है कि यदि साधारण वर्षा होने पर अगर हवा चली तो फसलें गिर कर चौपट हो जायेगी और उपज भी कम होगी। सरसों, मसूर, आम की फसल को नुकसान पहुंचायेगा।


आसमान में छाये बादल।


शेरपुर गांव के किसान अमरनाथ कहते हैं कि एक एकड़ सरसों की फसल लगभग पकी खड़ी थी। आज लेबर काटने आते, उससे पहले ही बारिश व ओले गिर गए। फसल को 40 प्रतिशत नुकसान हो गया है। किसान पहले से ही परेशान है। -अमर नाथ


किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने बताया बे मौसम बारिश से गेहूं, चना, जौं, लाही, सरसों, मटर, टमाटर और आम के बौर को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। प्रकृति भी किसानों का साथ नहीं दे रही है। पहले से ही कर्ज तले दबे किसान और भी कर्ज में डूब जाएंगे। -अंजनी दीक्षित

### खेतों में बिछी गेहूं-सरसों की फसलें, किसान चिंतित

मूड़ा सवारान , अमृत विचार :शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए। तेज हवाएं चलने के साथ ही गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से मौसम सर्द हो गया। क्षेत्र में लाही, गेहूं की फसल प्रमुख है और सबसे अधिक रकबे में लाही और गेहूं की बुवाई होती है। अब तक साफ चल रहे मौसम की वजह से खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों, आलू की फसलें लहरा रही थीं। किसानों का कहना है कि उनके खेतों में पकी खड़ी सरसों की फसलें खेतों में गिर गई हैं। वहीं टमाटर और बैंगन की फसल भी खराब होने की आशंका से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।


तेज हवा से खेतों में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### बारिश से गेहूं-लाही की फसल प्रभावित

भीरा। अमृत विचार : पूरे दिन रुक रुक कर वर्षा से खेतों में पकाने की कगार पर खड़ी गेहूं और लाही की फसल प्रभावित हुई है। इससे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी है। गुरुवार की शाम से ही बूंदाबांदी के साथ रुक-रुक कर बारिश दूसरे दिन भी जारी है। खेतों में नमी आने के कारण अधिकतर गेहूं लाही की फसल गिरने से उत्पादन कम होने की आशंका बढ़ गई है। किसान लखविंदर सिंह, अमरजीत सिंह दीदार सिंह, विजय, पूरन सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि का कहना है पिछले हफ्ते आई तेज आंधी और पानी के कारण पहले ही गेहूं लाही की फसल धराशाई हो गई थी और अब वर्षा के कारण उनके खराब होने की संभावना बढ़ गई है।

### ओले गिरने से केशवापुर में 40 प्रतिशत तक नुकसान

केशवापुर, अमृत विचार : मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार शुक्रवार सुबह से ही कस्बे के निकटवर्ती गांवों में बारिश के साथ ओले गिरने से किसानों की लाही, सरसों, गेंहू, जौं, चना, मसूर, टमाटर की पकी खड़ी फसलों के साथ-साथ बागवानी में आम के बौर को काफी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के किसान जहां पहले से ही आर्थिक तंगी के दौर से जूझ रहे थे ऊपर से प्रकृति की इस दैवीय आपदा ने किसानों का भारी नुकसान किया है। सरसों के किसान अतुल कुमार, विजय कुमार, रितेश, श्याम किशोर आदि का कहना है कि दिन रात मेहनत कर व कर्ज लेकर सरसों, गेहूं, मसूर की फसलें बोई थीं। जंगली जानवरों से बचाने के लिए रात दिन एक किया। फसल पक गई थी, एक दो दिन में कटने वाली थी। असमय हुई बारिश व ओलों से फसल को 30 से 40 प्रतिशत नुकसान हो गया है।


केशवापुर क्षेत्र के गांवों में ओले से पटी सड़क।

## तेज हवा संग वर्षा में गेहूं की फसल गिरी

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** शुक्रवार सुबह से ही तेज हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। एक हफ्ता पूर्व तेज हवाओं के साथ हुई बारिश में 80 प्रतिशत किसानों की फसल गिर गई, दुबारा फिर हवा चलने से गेहूं की फसल खेतों में चौपट हो गई हैं, जिससे किसानों का काफी नुकसान हुआ है।

**बिझौली।** बिजली व्यवस्था का हाल बहुत खराब है। जरा सी बारिश होते ही ग्रामीण क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है। इस बार भी यही हुआ। गोला से संचालित अलीगंज फीडर पर मौसम का मिजाज बिगड़ा और हल्की बारिश शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। शुक्रवार की सुबह से ही गुल हुई बिजली शाम तक बहाल नही हो पाई, जिससे लगभग 50 गांवों जमुनहा, रमुआपुर, सौठन, जलालपुर, रजागंज, धनिगवा, अमकोटवा, बहेरवा, बिझौली, रजागंज, केशवापुर, ढोगवा, बरगदिया, सहित कई गांवों के लोग परेशान हुए।


मैलानी में तेज हवा से गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

● बारिश में बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

## बस-कार में भीषण टक्कर ज्वेलर्स समेत तीन घायल

● मल्लबेहड़ के निकट औघड़ बाबा स्थल के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र में बहुचर्चित ज्वेलर्स व्यापारी रानू बरनवाल की कार की सामने से आ रही एक निजी बस से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में व्यापारी समेत तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां व्यापारी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसा शुक्रवार को मल्लबेहड़ क्षेत्र के औघड़ बाबा स्थान के पास हुआ। ढखेरवा चौराहा के सर्राफा व्यवसायी रानू बरनवाल अपनी निजी कार से अपने प्रतिष्ठान ढखेरवा चौराहा जा रहे थे। तभी उनकी कार में बस ने भीषण टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल व्यापारी रानू अग्रवाल, स्वर्गीय गुड्डू बरनवाल की पत्नी और उनका पुत्र शिवांक घायल हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां व्यापारी रानू बरनवाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताया जा रहा है।


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

## शादी से एक माह पहले युवक का पेड़ से लटका मिला शव

● 27 अप्रैल को होनी थी शादी खुशियों के बीच पसरा मातम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव गोपालपुर में शादी से पहले एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुक्रवार को उसका शव पेड़ से लटका मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गोपालपुर निवासी श्रीपाल का 22 वर्षीय बेटा दीपक शुक्रवार सुबह गांव से करीब दो मीटर दूरी पर उत्तर दिशा में स्थित एक पेड़ से लटका मिला। सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता श्रीपाल ने बताया कि दीपक की शादी आगामी 27 अप्रैल को तय थी और घर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। शादी को लेकर पूरा परिवार उत्साहित था और रिश्तेदारों को भी सूचना दी जा चुकी थी।

दीपक बाहर रहकर मजदूरी करता था, लेकिन अपनी शादी के चलते इन दिनों घर पर ही रह रहा था। परिजनों के मुताबिक दीपक के व्यवहार में हाल के दिनों में कोई खास बदलाव नजर नहीं आया था। ऐसे में उसके इस कदम से परिवार पूरी तरह स्तब्ध है। परिजन यह समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर उसने ऐसा क्यों किया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं कुछ लोग इसे संदिग्ध परिस्थितियों से भी जोड़कर देख रहे हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का मान रही है। वह सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## दीये से लगी आग में भैंस-बकरी मरीं, युवक झुलसा

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के पिरथी पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह दीपक से घर में भीषण आग लग गई। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। अग्निकांड में गाभिन भैंस व बकरी की जलकर मौत हो गई, जबकि मकान मालिक का छोटा बेटा गंभीर रूप से झुलस गया। आग लगने से हजारों रुपये की नकदी समेत पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

गांव निवासी पूरनलाल के घर सुबह करीब 6 बजे उनका छोटा बेटा रंजीत पूजा कर रहा था। इसी दौरान टटिया के पास रखे दीपक से आग लग गई। कच्चे मकान में टटिया और ऊपर पड़े छप्पर के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इससे गांव में हड़कंप मच गया। शोर शराबा होने पर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन इससे पहले ही आग की चपेट में आने से पास में बंधी पांच माह की गाभिन भैंस और एक बकरी जलकर मर गईं। वहीं एक अन्य पशु रस्सी जलने के बाद किसी तरह बाहर निकल गया, लेकिन वह भी झुलस गया। इस हादसे में रंजीत के दोनों पैर और एक हाथ बुरी तरह झुलस गए। अग्निकांड में घर में रखा करीब 5 हजार रुपये नकद, लाही, धान समेत पूरा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल अभिषेक राठौर ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।


आग से जला घर। ● अमृत विचार


झुलसा रंजीत

● हजारों की नकदी और अनाज समेत सारा सामान जलकर राख

## लाखों के खाद्यान्न का हिसाब जांच में मिला गायब

● धौरहरा में कोटेदार पर कालाबाजारी का आरोप, लाभार्थी भटकने को मजबूर

● पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर आवश्यक वस्तु अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** धौरहरा तहसील के ग्राम पंचायत भौवापुर कलां में उचित दर विक्रेता की कार्यशैली ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर कराई गई जांच में कोटेदार राजकिशोर के खिलाफ गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। जांच में लाखों के खाद्यान्न का हिसाब-किताब गायब मिला। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्ति निरीक्षक धौरहरा रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत भौवापुर कलां के राशन कार्ड धारकों ने कोटेदार पर खाद्यान्न वितरण न करने, कम राशन देने समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसकी शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह से की गई थी। जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर उन्होंने मौके पर जाकर जांच की और राशन कार्ड धारकों के बयान दर्ज किए। निरीक्षण के समय दुकान खुली मिली और विक्रेता राजकिशोर मौजूद मिले। निरीक्षण करने पर दुकान और गोदाम में खाद्यान्न व चीनी की कोई भी मात्रा उपलब्ध नहीं पायी गई। स्टॉक शून्य मिला। रेट बोर्ड/स्टॉक बोर्ड, सतर्कता समिति के सदस्यों का नाम व मोबाइल नम्बर, सरकारी सस्ता गल्ला / आवश्यक वस्तुओं की दुकान का बोर्ड, सूचना पट्ट आदि नहीं मिला। राशन कार्ड धारकों ने जांच अधिकारी को बताया कि कोटेदार बार बार दौडाने के बाद राशन देता है। अभद्र व्यवहार किया जाता है। राशन नहीं दिया जाता है। जांच के दौरान 30 से अधिक कार्डधारकों और उनके परिजनों के बयान दर्ज किए गए। इनमें से अधिकांश ने एक ही शिकायत दोहराई कि कई बार अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं दिया जाता। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन एमआईएस रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 में केवल 46.29 कार्ड धारकों को राशन मिला। फरवरी 2026 में यह आंकड़ा घटकर 42.41 प्रतिशत रह गया। मार्च 2026 में तो महज 6.02 प्रतिशत कार्डों पर ही वितरण हुआ। इससे साफ है कि कोटेदार द्वारा नियमित वितरण नहीं किया जा रहा था और अधिकांश कार्डधारकों को उनके हक का राशन नहीं मिल रहा था उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि करीब 52.36 क्विंटल गेहूं, करीब 78.47 क्विंटल चावल और 0.66 क्विंटल चीनी रिकॉर्ड के अनुसार दुकान पर होना चाहिए था, लेकिन मौके पर पूरी तरह गायब मिला। इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर गरीबों के हक का राशन कैसे और कहां गायब हो रहा है। जिन लोगों के लिए यह योजना बनाई गई है, वही आज अपने अधिकार के लिए भटकने को मजबूर हैं।

**आयोजन** सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पर प्रभारी मंत्री का रिपोर्ट कार्ड, गिनाई उपलब्धियां

# प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने लाभार्थियों को दिया योजना का लाभ तो खिले चेहरे

● यूपी ने किया कमाल, रोजगार और जनकल्याण में रिकॉर्ड बढ़ोतरी: प्रभारी मंत्री

● सरकार की उपलब्धि वाली विकास प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया अवलोकन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आईटीआई ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग एवं सीडीओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत परिषदीय विद्यालय राजापुर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत प्रदेश सरकार की विकास पुस्तिका आमजन में वितरित की गई। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपने नौ वर्ष के कार्यकाल में गरीब कल्याण, युवा एवं महिला सशक्तिकरण तथा किसानों के उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कहा कि इन वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। सरकार बिना भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश विकास का मॉडल बनकर उभरा है। जिले में सड़कों का जाल बिछा है और शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि भाजपा शासन में आमजन के जीवन में बदलाव आया है।

**इन योजनाओं का दिलया लाभ :** प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ वितरित किए। पांच लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्रदान किए गए, जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाली चार आशा संगिनी को सम्मानित किया गया। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे गए। माटी कला से जुड़े लाभार्थी को निशुल्क टूल किट प्रदान की गई। इसके अलावा पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को भी स्वीकृति पत्र व आवास की चाबियां वितरित की गईं। 224 स्वयं सहायता समूहों को 3.36 करोड़ रुपये का सीसीएल डेमो चेक तथा कृषि विभाग द्वारा पांच लाभार्थियों को मिनी किट भी प्रदान की गई। भाजपा नेता आशु मिश्र, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीसी एनआरएलएम जेके मिश्र आदि।



लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ का प्रमाण पत्र देते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल व अन्य


कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विकास प्रदर्शनी का भी प्रभारी मंत्री ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिससे आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल रही है।

## शराब की दुकान में लाखों की चोरी दो पर रिपोर्ट

**खमरिया, अमृत विचार:** खमरिया थाना क्षेत्र में जसवंतनगर स्थित देशी शराब ठेके पर लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने शक के आधार पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है। बता दें कि 18 मार्च की रात चोरो जसवंतनगर स्थित देशी शराब की दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर 32 पेटी शराब और 92 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए थे। मोहल्ला परमीला नगर निवासी राहुल गुप्ता ने घटना के समय दुकान पर कार्यरत सेल्समैन सरोज कुमार यादव निवासी तेजवापुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर पर भी संदेह जताया है। उसके अनुसार दुकान का कैश दो दिन पहले ही निकाला गया था, जिसकी जानकारी केवल सेल्समैन को थी। इसी आधार पर उसने सरोज और उसके साथियों पर चोरी में शामिल होने की आशंका जताई है।

# आज मनाई जाएगी ईद-उल-फितर, बाजारों में देर रात तक खरीदारी

## खुशियों की दस्तक: शहर में ईद की रौनक चरम पर, जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, प्रशासन सतर्क

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** रमजान माह की समाप्ति के बाद आज शहर में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में निर्धारित समय के अनुसार ईद की नमाज अदा की जाएगी। त्योहार को लेकर प्रशासन की ओर से साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

ईद से एक दिन पहले शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। खपरैल बाजार समेत अन्य प्रमुख बाजारों में सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी और देर रात तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा। सेवई, मेवा, खजूर, फल, जूते-चप्पल और चूड़ी की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ लगी रही। महिलाएं और बच्चे कपड़े व श्रृंगार का सामान खरीदते नजर आए, वहीं पुरुषों ने भी त्योहार से जुड़ी जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी की। दुकानदारों के मुताबिक इस बार ईद से पहले बाजारों में अच्छी बिक्री हुई और रात करीब एक बजे तक लोग खरीदारी करते रहे। पूरा बाजार रोशनी से जगमगाता रहा और देर रात तक चहल-पहल बनी रही। हेयर कटिंग सैलून पर भी लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां लोग ईद से पहले सजने-संवरने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। इसके अलावा फल, मेवा और खजूर की दुकानों पर भी जमकर खरीदारी हुई। लोगों ने ईद की सेवई और मेहमान नवाजी के लिए जरूरी सामान खरीदा। शहर में हर ओर त्योहार की खुशियां झलकती नजर आईं और लोग एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते दिखाई दिए।


खीरी टाउन के झंडे वाली मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते अकीदतमंद।


सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद। सभी से गुजारिश है कि इस खुशी के मौके पर ईद के इस त्योहार को आपस में सभी लोग मिल जुलकर मनाएं। हम अल्लाह से यह दुआ करते हैं कि हमारे मुल्क में अमन शांति और भाईचारा बना रहे।
**राजा जफरउल्ला खान** समाजसेवी।


रमजान उल मुबारक के रोजे पूरे होने पर ईद उल फित्र को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। ईद के त्योहार को सभी लोग आपस मे मिल जुल कर मनायें। सभी लोगों से एक गुजारिश है कि गंगा जमुनी संस्कृति बरकरार रखने के लिये शासन प्रशासन का सहयोग करें। **वारिस अली अंसारी** सदस्य जिला पंचायत।


तीस दिनों की भूख, प्यास व इबादत का उपहार, भाईचारे व प्रेम का प्रतीक ईद उल फित्र की सभी को बहुत बहुत बधाई। अनेकता में एकता की विशेषता लिए हमारे देश में अमन व चैन की दुआओं सहित सभी प्रेम व सौहार्द के साथ ईद मनाएं। शासन व प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। **नदीम खान** पूर्व सभासद एवं भट्ठा व्यवसायी।


मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाएं और खुदा से अपने वतन हिंदुस्तान के लिए अमन, शांति और अपने मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगे। एक दूसरे से चाहे वह किसी भी धर्म या मजहब या जाति का हो सभी के साथ मिलकर खुशियां बाटे और खुशियां बिखेरें।
**रफी अहमद** पूर्व सभासद।

### अलविदा जुमे पर हाई अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर

**लखीमपुर खीरी।** अमृत विचार : रमजान माह के आखिरी जुमे पर शुक्रवार को शहर की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज से पहले ही मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी और समय होते-होते मस्जिदें खचाखच भर गईं। जामा मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, गोटैयाबाग, नौरंगाबाद, हिदायतनगर, महराजनगर और ईदगाह समेत सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। भीड़ अधिक होने के कारण कई स्थानों पर लोग मस्जिदों के बाहर सड़कों पर कतारबद्ध होकर नमाज अदा करते नजर आए। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरे शहर में शांति व्यवस्था बनी रही।भीरा लखीमपुर रमजान महीने के अंतिम दिन शुक्रवार को अलविदा की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई। मुस्लिम समाज के लोग नगर की जामा मस्जिद, लखीमपुर रोड की गौसिया, मस्जिद सलावत नगर मस्जिद हाशिम टांडा में भारी संख्या में पहुंचे और अलविदा की नमाज अदा कर मुल्क और समाज की खुशहाली तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अलविदा की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न कराई गई। थाना अध्यक्ष रोहित दुबे ने मस्जिदों के आसपास पुलिस टुकड़िया लगाने के साथ खुद भी हालातों पर कड़ी नजर रखी।

### गोलागोकर्णनाथ में खरीदारी के लिये उमड़े लोग, नए-नए परिधान खरीदे

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** आज शनिवार 21 मार्च को खुशियों और मोहब्बत का पर्व ईद उल फितर मनाया जाएगा। ईद के त्यौहार को लेकर के बहुत ही जोशो खरोश के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग तैयारी में जुट गए हैं। बाजार पूरी तरह गुलजार हैं। महिलाओं, पुरुष और बच्चां ने जमकर खरीददारी की है। लोगों के अंदर अच्छा खासा ईद को लेकर जोश और जुनून दिखाई दे रहा है। ईद के त्यौहार को लेकर शासन और प्रशासन बेहद सक्रियता से इस त्यौहार को संपन्न कराने के लिए अपनी कमर कस चुका है। वहीं नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपने संदेश के माध्यम से लोगों को अमन शांति और भाईचारे के साथ ईद मनाने व शासन प्रशासन का सहयोग देने की अपील की है।


गोला में तीर्थ बाजार की चूड़ी वाली गली में जाती महिलाओं की भीड़।

## न्यूज ब्रीफ

### नवरात्रि और ईद को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**मैलानी, अमृत विचार :** इस बार नवरात्रि और रमजान एक साथ हुए हैं। दोनों त्योहारों को लेकर थाना मैलानी में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में मस्जिदों के मौलाना सहित सभी सम्मानित व्यक्तियों को बुलाया गया। बैठक में थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि ईद का त्योहार खुशियों का त्योहार है। त्योहार शांति पूर्वक मनाएं, अगर कोई व्यक्ति त्योहारों में खलल पैदा करने का प्रयास करें तुरंत पुलिस को सूचना दे। खुशियों का त्यौहार सबके साथ मिलकर मनाएं। बैठक में नूरी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सरफराज, लियाकत अली, जामा मस्जिद के पेस इमाम हाफिज तकिउद्दीन, लियाकत शाह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पालतू कुत्ते को लेकर हुए विवाद में तीन के नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मन्नूगंज निवासी मोहम्मद इस्लाम पुत्र अशफाक खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मोहल्ला निवासी अतीक, फिरोज यामीन उर्फ राजीव ने उनके घर के बाहर बैठे कुत्ते को मारा पीटा, जब वह 17 मार्च को शाम 7 .20 बजे उनसे पूछने गए तो सभी एक राय होकर उन्हें व उनके साथ गए उनके साले एरिस को मारा पीटा, जिससे उनके बायां हाथ टूट गया है। उन्होंने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# बाढ़ समस्या पर सक्रिय हुए राजेश्वर सिंह

**संवाददाता, निघासन**

- **मुख्यमंत्री से मिलकर कोठी पुल नालों की सफाई और बंधों की मरम्मत की उठाई मांग**

**अमृत विचार:** भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश संयोजक राजा राजेश्वर सिंह ने एक बार फिर निघासन क्षेत्र की बाढ़ समस्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोकभवन में भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर क्षेत्र में स्थायी समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं।

राजा राजेश्वर सिंह ने अपने पत्र में बैलहा ग्राम सभा के ठाकुरपुरवा मजरे में बने रपटा पुल के स्थान पर दो कोठी पुल बनाए जाने की मांग की। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के चलते बाढ़ का पानी ठीक से निकल नहीं पाता, जिससे पानी का दबाव बढ़कर लालपुर क्षेत्र के बंधों को तोड़ देता है या ऊपर से बहकर गांवों में घुस जाता है। इससे निघासन और धौरहरा क्षेत्र के दर्जनों गांव हर साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं। इसके अलावा उन्होंने शारदा नदी से जुड़े बहतिया नाले की सफाई, क्षतिग्रस्त बंधों की मरम्मत तथा मदनापुर लालबोझी के पास हो रहे पानी के रिसाव को रोकने की भी मांग की। इससे पहले भी विगत वर्ष में दो बार मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव से मिलकर बाढ़ के मुद्दे को उठा चुके हैं। उनके प्रयासों से घाघी नाले का करीब डेढ़ किलोमीटर हिस्सा दोबारा खोदा गया, जिससे जल निकासी में सुधार हुआ। साथ ही लालपुर क्षेत्र में करीब तीन किलोमीटर बंधे का पुनर्निर्माण भी कराया गया, जिससे इस वर्ष बाढ़ के प्रभाव में कुछ कमी देखने को मिली।


मुख्यमंत्री को पत्र सौंपते राजा राजेश्वर सिंह।

# दांतों की देखभाल से टल सकती हैं कई गंभीर बीमारियां

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मोतीपुर ओयल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुंह में होने वाले संक्रमण, उससे जुड़ी बीमारियों और उनके उपचार को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ. आरके कोहली ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में सीनियर रेजिडेंट डॉ. इंद्रेश राजावत ने लोगों को संबोधित किया। सीएमएस डॉ. आरके कोहली ने बताया कि कार्यक्रम सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को ओरल हेल्थ के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पाचन क्रिया की शुरुआत मुंह से होती है।

# होली मिलन समारोह में उठा समस्याओं का शोर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के होली मिलन समारोह में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याएं उठाई गईं। पदाधिकारियों ने तहसीलदार को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।

मेला मैदान के निकट भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर हुए होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शरद बाजपेई, पूर्व राज्यमंत्री सुरजन लाल वर्मा, कृष्ण कुमार मिश्रा ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन कर शुरू कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रृषि संतोष शर्मा ने कहा कि भारत को आजाद हुए आज बहुत समय हो गया है। भारत के किसी राजनीतिक दल के नेता ने भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मों, 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों, युवा अधिवक्ता, वृद्ध अधिवक्ता, युवा एवं वृद्ध पत्रकार, खुदरा व्यापारियों के लिए किसी दल की सरकारों ने कोई काम नहीं किया है। पूरे भारत की ग्राम पंचायतों में 80 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है, गांवों के रास्तों हाईवे से नहीं जोड़ा गया है। न ही तो गांवों में बस सुविधा दी गई है। इतना ही नहीं

- **तहसीलदार को सौंपा पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन**

भारत की ग्राम पंचायतों एवं मजरों में जन्म अष्टमी राष्ट्रीय पर्वों, नवरात्रियों में गांवों एवं मजरों में सफाई नहीं की जाती है। महासंघ के पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, को संबोधित तहसीलदार भीमसेन को सौंपा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा, ग्राम पंचायत सदस्य, माया देवी, राष्ट्रीय सदस्य तेजबली राजवंशी, सपना शर्मा, श्रीकृष्ण, रामदुलारी मिश्रा, जगदीश प्रसाद, फारुख खान आदि ने भी संबोधित किया।


गोला में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते महासंघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जटपुरा में पड़िया का अन्नप्राशन

**संवाददाता बांकेगंज**

- **मानव और पशु प्रेम की दिखी झलक**

**अमृत विचार:** मानव ने जब कृषि कार्यों तथा आय में पशुओं की उपयोगिता को देखा, उसका लगाव पशुओं से बढ़ता चला गया। बढ़ते शहरीकरण और आबादी के अनुपात में भूमि की कमी ने यह लगाव कम अवश्य किया परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं से लगाव की बानगी आज भी दिखाई दे जाती है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन जाती है।

विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत जटपुरा में नन्हीं देवी पत्नी राम नरेश ने शुक्रवार को अपनी पड़िया का अन्नप्राशन संस्कार कराकर पूरे गांव का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया तथा अपने पशु प्रेम को प्रदर्शित किया। अन्नप्राशन संस्कार के लिए उन्होंने गांव की अधिकतर महिलाओं को अपने घर पर आमंत्रित किया तथा उनके सामने अपनी पड़िया को पहली खीर पूड़ी खिलाया। इस दौरान उपस्थित महिलाएं गीत गाती रही। महिलाओं ने न्योछावर भी किया। जब उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि इससे पहले भैंस पड्डे को जन्म देती थी। पड़िया को जन्म दिया तो वह बच नहीं पाती थी। इसी कारण मनौती मानी हुई थी कि यदि पड़िया हुई तो उसका अन्नप्राशन संस्कार कराऊंगी। अब जब ऊपर वाले ने पड़िया को जन्म दिलाया है तो अन्नप्राशन संस्कार कर रही हूं। इस दिन को और अधिक यादगार बनाने के लिए अपनी बेटी की सगाई भी आज के दिन ही कर रही हूं। कई ग्रामीणों ने बताया कि शाम को अधिकांश ग्रामीणों को दावत भी दी गई है। लोगों में नन्ही देवी के इस पशु प्रेम की चर्चा चल रही है।


जटपुरा गांव में पड़िया का अन्नप्राशन संस्कार करातीं नन्हीं देवी। ● अमृत विचार

# खंभारखेड़ा मिल में मजदूर का हाथ मशीन से कटा

**संवाददाता, फूलबेहड़**

- **पैकिंग के दौरान हुआ हादसा, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर**

**अमृत विचार:** खंभारखेड़ा चीनी मिल में गुरुवार को दिहाड़ी मजदूर का हाथ मशीन में फंसकर कट गया, जिससे मिल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


घायल मोहित।

कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव फत्तेपुर सैधरी निवासी बलराम का 28 वर्षीय पुत्र मोहित पिछले काफी समय से मिल में दिहाड़ी मजदूरी पर चीनी पैकिंग का काम कर रहा था। गुरुवार को वह रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर मौजूद था और पैकिंग मशीन पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका हाथ मशीन में फंस गया। मोहित के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद मजदूर और कर्मचारी मौके पर दौड़े और तुरंत मशीन को बंद कराया। हालांकि तब तक उसका एक हाथ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका था। घटना के बाद मिल परिसर में हड़कंप मच गया। घायल मोहित को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा अचानक हुआ, जिससे किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

# बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर दिया जोर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर माध्यमिक व इंटरमीडिएट स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ. आरके. कोली ने की। मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला एवं क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ ने जनपद के 24 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सेंसिटाइज किया। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 5 से 15 वर्ष के बच्चों में बढ़ रहे मानसिक विकारों के प्रति स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों को जागरूक करना जरूरी है। कार्यक्रम में सीएमओ ऑफिस एनसीडी सेल से एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. राकेश गुप्ता, एफएलसी विजय वर्मा, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट सहदेव सचान आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### रोटरी क्लब भीरा ने बांटी ईद की खुशियां

**भीरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में ईद की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब भीरा ने जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटीं। क्लब ने सेवइयां, चीनी, दूध और मेवा मखाना वितरित किया। इस पहल का उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश देना था। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। आयोजकों ने बताया कि ईद हमें आपसी भाईचारे, दया और मदद का संदेश देती है। इस अवसर पर जरूरतमंदों की सहायता करना एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। सभी रोटेरियन ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य करते रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष रो बिजेंद्र जैन, अध्यक्ष रो अमनदीप सिंह, सचिव राहुल खन्ना एवं सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।





### सेपक टाकरा टीम झारखंड रवाना

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सेपक टाकरा एसोसिएशन के खिलाड़ी झारखंड के रांची में आयोजित होने वाली 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टाकरा चैंपियनशिप में अपना लोहा मनवाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बरेली जंक्शन से रवाना होते समय खिलाड़ियों की आँखों में जीत का जुनून और सीने में देश व प्रदेश का मान बढ़ाने का जज्बा दिखाई दे रहा था। एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक आनंद के मार्गदर्शन और पूर्व आईटीबीपी अधिकारी व संयुक्त सचिव तान सिंह के अनुशासित नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की यह टीम पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने जा रही है। टीम के साथ भारतीय खेल प्राधिकरण की कोच मीना कुमारी, कोच रामकुमार और कोच बीएस. शर्मा भी खिलाड़ियों के मनोबल को सातवें आसमान पर ले जाने के लिए मौजूद रहे।



### छात्राएं निर्भीक होकर निकलें पुलिस हर प्वाइंट पर मौजूद

**मैलानी, अमृत विचार :** शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के तहत शुक्रवार को महिला कांस्टेबल सुनीता, प्रिया, विनीता, कामिनी द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मैलानी में बालिकाओं को सुरक्षा के लिये हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। स्कूल में हुई गोश्ठी में महिला पुलिस ने 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि नंबरों और नए कानून के संबंध में जानकारी दी। उनकी समस्या को सुना गया। सरकार द्वारा लाभान्वित योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पोषण मिशन आदि के बारे में जानकारी दी।

### टोल प्लाजा पर निशुल्क शिविर में 70 लोगों की टीबी जांच हुई

**मैगलगंज, अमृत विचार :** मैगलगंज टोल प्लाजा पर आयोजित हुए निशुल्क टीबी जांच शिविर में 70 लोगों की जांच की गई। पसगवां सीएचसी अधीक्षक अश्वनी वर्मा के निर्देश पर लगाए गए शिविर में राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों, परिचालकों और टोल कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉक्टर आशुतोष शर्मा, डॉक्टर हर्षिता और लैब टेक्नीशियन हर्षित की टीम ने करीब 70 लोगों की जांच की। संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। साथ ही जरूरतमंदों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। टोल मैनेजर रामू फौजदार और एनएचआई के मैनेजर बृजेश ने इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।



सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

न्यूज ब्रीफ

### कूटरचित दस्तावेजों से जमीन हड़पी

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :थाना मैलानी क्षेत्र के गांव कंधईपुर निवासी पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर गांव और दिल्ली निवासी चार लोगों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने, जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव कंधईपुर, हाल पता गंज बाजार मेरठ निवासी ईना वालिया उर्फ ईनापाल पुत्री स्वर्गीय कपिल देव, पत्नी तरुण वालिया ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव में गाटा संख्या 68 पर 1991 में आठ एकड़ कृषि योग्य भूमि गांव के ही कैप्टन कुलदीप सिंह पुत्र मेजर अर्जुन सिंह से खरीदी थी। उसका विवाह 1995 में हो गया। विवाह के बाद कृषि योग्य भूमि की देखभाल न कर पाने के चलते पिता की देखरेख में उसने बाद पावर ऑफ अटॉर्नी जनरल अपनी भाभी बीना पाल को दे दी। पिता की मृत्यु के बाद उन लोगों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रोड साइड की जमीन पर प्लाटिंग कर दी और बाकी जमीन पर 9 फीट मिट्टी निकलवा कर भट्ठों पर बेच दी। जब वह गांव पहुंची तो भाई-भाभी ने कहा अगर तुमने कोई कार्रवाई की तो पति समेत जान से मार देंगे। कोर्ट के आदेश पर भाभी बीना पाल, भाई अमन पाल और पूर्वी दिल्ली निवासी विक्रम आदित्य पाल और तृप्ति कांता साहनी पर जमीन हड़पने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# एतिहासिक चैती मेला दिखेगा भव्य, 40 लाख स्वीकृत

## पर्यटन विभाग से धनराशि की मंजूरी, नए अंदाज में चमकेगा मेला, चेयरमैन की भूमिका पर सवाल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद का ऐतिहासिक चैती मेला इस बार नए मोड़ पर खड़ा नजर आ रहा है। करीब 121 साल पुरानी परंपरा में पहली बार पर्यटन विभाग ने 40 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। पालिका बोर्ड के अनुरोध पर मिली इस बड़ी राशि के साथ ही मेले के संचालन को लेकर नया समीकरण भी सामने आ गया है। दरअसल, यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी की गई है। दावा है कि मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय होंगी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने धनराशि के पारदर्शी उपयोग के लिए एक समिति गठित कर दी है, जिसकी कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी-डीआरडीए,



डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को बुकें भेंट करते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू।

पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को सदस्य बनाया गया है। अब तक यह मेला पालिकाध्यक्ष की अगुवाई में आयोजित होता रहा है, लेकिन इस बार पर्यटन विभाग की फंडिंग और प्रशासनिक समिति के गठन ने चेयरमैन की भूमिका को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालात ऐसे बन रहे हैं कि 121 साल पुरानी परंपरा वाला यह मेला पहली बार पूरी तरह अधिकारियों की निगरानी में होता नजर आ सकता है। मेले की पहचान सिर्फ आयोजन तक सीमित नहीं रही है। हर साल यहां स्थानीय प्रतिभाओं गीत, संगीत, नृत्य और समाज के प्रबुद्धजनों को पालिकाध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया जाता रहा है। लेकिन इस बार यह परंपरा जारी रहेगी या नहीं, इस पर भी असमंजस बना हुआ है। कुल मिलाकर, 40 लाख की स्वीकृति ने जहां मेले को नई संभावनाएं दी हैं, वहीं परंपराओं और अधिकारों के बीच खींचतान के संकेत भी साफ दिखाई देने लगे हैं।

**पालिकाध्यक्ष ने डीएम का जताया आभार :** पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर पर्यटन विभाग द्वारा 40 लाख रुपये की मंजूरी पर आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस धनराशि से चैती मेला-2026 की सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य बनाए जाएंगे।

### मेले के इंतजामों को लेकर डीएम ने की बैठक

लखीमपुर खीरी। छोटी काशी गोला के ऐतिहासिक चैती मेले को इस बार भव्य और यादगार बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में अहम बैठक कर तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस बार मेला अपने आयोजन, व्यवस्था और आकर्षण तीनों में अलग पहचान बनाए। डीएम ने कहा कि पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये के बजट से हर खर्च नियमों के तहत हो, लेकिन गुणवत्ता और भव्यता में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ आयोजन नहीं, जिले की पहचान है, इसलिए हर व्यवस्था में परफेक्शन दिखना चाहिए। बैठक में पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ल रिंकू, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसपन चौरसिया, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, ईओ प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### मेले की नई व्यवस्था को लेकर असमंजस में पालिकाध्यक्ष

गोला गोकर्णनाथ। चैती मेले की व्यवस्थाओं को लेकर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने फिलहाल स्थिति स्पष्ट न होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि पहली बार मेले के आयोजन के लिए पर्यटन विभाग से धनराशि स्वीकृत हुई है, जबकि अब तक नगर पालिका परिषद अपने संसाधनों से ही मेले का आयोजन कराती रही है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के कारण अभी व्यवस्थाओं को लेकर पूरी स्थिति साफ नहीं है। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार मेला पहले से अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय रूप में आयोजित किया जाएगा।



विजय शुक्ल रिंकू

### पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों संग मेला मैदान का किया निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, ईओ आईएएस मनीषा धावे के साथ मेला मैदान में ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों को देखा। उधर, ईद की नमाज के लिए ईदगाह की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। बताते हैं कि 24 मार्च से चैती मेला शुरू हो रहा है। इसको लेकर मेला मैदान का भ्रमण कर साफ, सफाई, बाहर से आकर विभिन्न स्टाल लगाने वाले दुकानदारों, झूले, मौत का कुआं लगाने वाले लोगों से मिलकर हाल जाना। वहीं, शनिवार को होने वाली ईद की नमाज के लिए ईदगाह की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सफाई, समतलीकरण एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जरुरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, इजरान खान, रविन्द्र कटियार, झानू तिवारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई नायक दिलीप, गोविन्द आदि मौजूद रहे।



गोला में अधिकारियों संग निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष।

# बेटियों को सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत कोतवाली सदर की महिला शक्ति टीम ने शुक्रवार को संकटा देवी मंदिर परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश में चल रहे इस अभियान के तहत एएसपी पूर्वी पवन गौतम की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक सदर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची महिला पुलिस टीम ने महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया गया।



महिलाओं के साथ महिला शक्ति टीम। ● अमृत विचार

● जिले भर में महिला शक्ति पुलिस ने आयोजित किए कार्यक्रम

साथ ही उन्हें विभिन्न अपराधों से बचाव के उपाय और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या हिंसा की स्थिति में वे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके साथ ही उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्राएं मौजूद रहीं, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और जागरूकता अभियान को उपयोगी बताया।

# ओवरलोडिंग-अभद्रता पर सख्ती, स्लीपर बस सीज

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्लीपर बस को सीज कर दिया। यह कार्रवाई यात्रियों और मीडिया कर्मियों की शिकायत के बाद की गई, जिसमें बस संचालक पर निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने, यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे।

शिकायत मिलते ही पीटीओ कौशलेंद्र ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पडरिया चौकी क्षेत्र में बस को रुकवाकर सघन जांच की गई। जांच के दौरान बस में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जाना पाया गया, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े

● यात्रियों की शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई



सीज की गई निजी बस ● अमृत विचार

हो गए। जांच में यह भी सामने आया कि बस का बीमा नहीं था, जो कि परिवहन नियमों का गंभीर उल्लंघन है। इसके अलावा अन्य आवश्यक दस्तावेजों में भी खामियां पाई गईं। इन अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर ही बस को सीज कर दिया।

# गैस सिलिंडर बुकिंग में बड़ा खेल

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत के बीच भारत गैस एजेंसी पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने लंबे समय से सिलेंडर नहीं लिया, इसके बावजूद उनके नाम पर सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी दिख रही है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा तेजी से वायरल हो रहा है।

खजुरिया निवासी राजू ने बताया कि उन्होंने पिछले एक साल से गैस सिलेंडर नहीं लिया, लेकिन उनके मोबाइल पर लगातार सिलिंडर बुकिंग और डिलीवरी के मैसेज आ रहे हैं। जब उन्हें गैस की जरूरत पड़ी और वह एजेंसी पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि उनका सिलेंडर पहले ही डिलीवर हो चुका है। यह सुनकर वह हैरान रह गए। वहीं एक

● एक साल से नहीं लिया सिलिंडर, फिर भी हो रही सप्लाई



विद्यालय के प्रधानाध्यापक समर बहादुर सिंह ने बताया कि उन्होंने जनवरी माह में सिलेंडर भरवाया था। अब दोबारा बुकिंग कराने पर एजेंसी ने अप्रैल में आने को कहा। उनका आरोप है कि एजेंसी पर धांधली हो रही है और उपभोक्ताओं के नाम पर सिलेंडर बुक कर ब्लैक किए जा रहे हैं।

इसी तरह कृष्णानगर निवासी अजय गुप्ता ने भी आरोप लगाया कि उन्होंने पिछले वर्ष सिलेंडर लिया था, लेकिन जब मार्च में वह सिलिंडर लेने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उनका सिलिंडर पहले ही उठ चुका है। उन्हें अगले माह आने के लिए कहा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब क्षेत्र में गैस की किल्लत चल रही है, तब एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं के नाम पर सिलेंडर बुक कर ब्लैक मार्केटिंग में लिप्त हैं, जिससे महंगे दामों पर सिलिंडर बेचकर अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। मामले में भारत गैस एजेंसी संपूर्णानगर की जांच की मांग तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। भारत गैस के बिक्री अधिकारी सुदीप शर्मा लखीमपुर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। व्हाट्सएप पर भेजे गए संदेश का भी कोई जवाब नहीं मिला। पूरे प्रकरण को लेकर एजेंसी से लेकर जिला स्तर तक मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और उपभोक्ताओं को कब तक राहत मिलती है।

# रोशननगर क्षेत्र में दस घंटे भी नहीं मिल पा रही बिजली

● अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग से तंग हुए उपभोक्ता

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचार:** हैदराबाद पावर हाउस के अंतर्गत रोशननगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों के उपभोक्ताओं में अघोषित बिजली कटौती से त्राहि त्राहि मची हुई है। इस समय हल्की गर्मी में शाम को मच्छरों के प्रकोप के बीच बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान हैं। रात को हो रही कटौती से उपभोक्ताओं की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है। अक्सर शाम को खाना खाने के समय बिजली गायब रहती है। सुबह बच्चो की पढाई, पानी आदि की जरूरत पड़ती है तब भी बिजली गायब। यहां एक सप्ताह से अर्ध रात्रि से बिजली गुल हो जाती हैं। कम बिजली मिलने के चलते इन्वर्टर तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं और वह भी चंद घंटों में जवाब दे रहे हैं। विद्युत उपकरण सिर्फ शोपीस बनकर रह गये है। लोकल फाल्ट व ओवरलोड के चलते हो रही ट्रिपिंग से समस्या और विकराल हो गई है। हालांकि अधिकारी जल्द ही इस समस्या से निजात मिल जाने का दावा कर रहे हैं।

सरकार का शहर को 24 घंटे, तहसील मुख्यालय के उपभोक्ताओं को 21 और गांव के उपभोक्ताओं को 18 घंटे बिजली देने का फरमान है, लेकिन इन दिनों गर्मी शुरू होते ही बिजली की कटौती तेज हो गई है। कंट्रोल से ही रात को कई घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। इसके अलावा दिन में भी यही हाल रह रहा है। उधर गन्ना बुबाई के लिये परहनी की सिचाई सीजन की शुरुआत हो चुकी है।

अघोषित बिजली कटौती से फसलो पर संकट खड़ा होने के साथ सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल भी सूख रही है। सरकार की तरफ से दी जाने वाली बिजली सप्लाई पूरी तरह चरमराने से किसान का दिमाग भी चकराने लगा है। उनके माथे पर चिंता की लकीर स्पष्ट दिखाई दे रही है।

मुख्यमंत्री जी के आदेश और निर्देश का हैदराबाद पावर हाउस पर कोई असर नहीं हो रहा है। ऐसा लग रहा कि विद्युत विभाग सरकार की मंशा के विपरीत कार्य कर सरकार की छवि धूमिल कर रहा है। अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में विधुत विभाग के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है।



बिजली कटौती को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। इस समय गन्ना सिंचाई, खाली सरसों के की परहनी का सीजन शुरू गया है, लेकिन बिजली की अघोषित कटौती से सिंचाई बाधित हो रही है। फसल भी सूखने लगेगी। जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से समय से दी जाए।

**हंसराम** पूर्व प्रधान रामपुर डाटपुर।



अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में त्राहि त्राहि मची हुई है। विद्युत उपकरण सिर्फ शोपीस बन कर रह गये है। सूबे के मुख्यमंत्री के निर्देश को दरकिनार कर मनमाने तरीके से बिजली आपूर्ति की जा रही है। सुबह चार बजे और शाम को खाना खाने के समय कट जाती है। सप्लाई दुरुस्त की जाए।

**बलविंदर सिंह** मुल्लापुर।



पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की अनदेखी से हैदराबाद पावर हाउस के हालात दिन पर दिन बद से बदतर हो होते जा रहे है। चरमराई बिजली व्यवस्था में सुधार के लिये लगता है कि अब बिजली कर्मचारियों के हाथ में अब नहीं है। 18 घंटे में मात्र 6 से 8 घंटे ही बिजली मिल रही उसमें भी बीस बार ट्रिपिंग होती है।

**हरिशंकर** जमुनहां।



मुख्यमंत्री के आदेश और निर्देश का हैदराबाद पावर हाउस पर कोई असर नहीं हो रहा है। बिजली के अभाव में कृषि कार्यों को तो नुकसान होता ही है, साथ ही रात के अंधेरे में जंगली जीवों और चोरों का गांवों में खतरा बना रहता है। अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है।

**संजय यादव** जनकपुर।

“ उच्च स्तर से ही रोस्टिंग रात्रि सात बजे से आठ बजे तक निर्धारित है। रात 9 .30 से 11 .40 तक और सुबह 5 बजे से 8 बजे तक रोस्टिंग है। उसके लोकल फाल्ट आदि के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। नियमित सप्लाई के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।

**अर्जुन सिंह जेई,** हैदराबाद फीडर।

### इन गांवों की लोग बिजली कटौती से हैं परेशान

बिजली कटौती से ममरी, रोशननगर, परेली, बाबागंज, जनकपुर, सौखिया, जमुनहां, सरकारगढ़, सेखवापुर, वृंदावन, अंबरपुर, दूलीपुर, रामपुर, बाबरपुर, अर्जुनपुर, लखैया, स्याहपारा, तल्फीपुर, नरसिंहपुर, बंजारगंज, घमहाघाट, भगतपुर, छत्तीपुर, बोझवा, कैमा, कौरेया लोहरना, बांसबेरिया, बुधेली नानकार आदि कई गांवों के बिजली उपभोक्ता अघोषित कटौती से परेशान हैं।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**भानपुर। अमृत विचार:** विवेकानंद एकेडमी में भीरा पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 1090 वूमेन पावर लाइन पर छात्राएं किसी भी समय छेड़खानी या उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

वहीं 181 महिला हेल्पलाइन पर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न समेत अन्य समस्याओं की शिकायत की जा सकती है। आपात स्थिति में 112 नंबर पर कॉल कर तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में घबराने की बजाय समझदारी से काम लें और तुरंत सहायता लें। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की गलत हरकत का विरोध करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी पुलिसकर्मियों से सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका टीम ने जवाब दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अमनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य जयप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

# थ्री-फेस कनेक्शन को शुल्क जमा, फिर भी नहीं लगा मीटर

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार:** बिजली विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नया कनेक्शन और थ्री-फेस मीटर लगवाने के लिए एक उपभोक्ता पिछले एक महीने से दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक उसे केवल आश्वासन ही मिला है।

मैगलगंज निवासी प्रमोद सिंह ने 5 फरवरी को थ्री-फेस बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा किया था। विभाग ने 18 फरवरी को इंडेंट भी जारी कर दिया, लेकिन इसके बावजूद एक माह बीत जाने के बाद भी मीटर नहीं लगाया गया। पीड़ित उपभोक्ता कई बार बिजली घर पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क कर चुका है, लेकिन हर बार समस्या के समाधान की जगह सिर्फ आश्वासन ही दिया गया। सरकारी नियमों के अनुसार नया बिजली कनेक्शन निर्धारित समय सीमा के भीतर दिया जाना चाहिए, लेकिन मैगलगंज में इन नियमों की अनदेखी होती नजर आ रही है। उपभोक्ता का आरोप है कि सभी औपचारिकताएं पूरी करने और शुल्क जमा करने के बावजूद उसकी फाइल को जानबूझकर लंबित रखा गया है। पीड़ित प्रमोद सिंह ने अब मामले को उच्च अधिकारियों और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने पुत्र रोहित व उसकी पत्नी नीरज कश्यप को गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। भविष्य में मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं रहेगा।
श्रीमती द्रोपती पत्नी स्व. राम लाल निवासी म.सं. 78 संजय नगर, बरेली

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING
Pilibhit Bypass road, Bareilly. (U.P.) 243006
VACANCY ANNOUCEMENT
1. Assistant Professor – Oncology Specialty Nursing
● Number of Post: 01 (M.Sc. Nursing with Medical Surgical Nursing - Oncology Specialty Nursing)
2. Nursing Tutor – Oncology Specialty Nursing
● Number of Post: 01 (Post Basic Diploma in Oncology Specialty Nursing with Basic B.Sc. (Nursing) / P.B.B.Sc. (Nursing)
● Experience: Minimum three (03) years of experience for both the posts.
Eligible candidates are requested to send your resume to
E-mail:rcnbareilly11@gmail.com
Mobile No. : 9368382930, 9520876133

# विद्यालयों में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम बंसी नगर व देवीपुर स्थित विद्यालयों में विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को गौरैया संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

बंसी नगर संविलियन विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी रेंजर शिवबाबू सरोज ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि गौरैया पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन बढ़ते प्रदूषण और तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण यह पक्षी अब हमारे आंगनों से गायब होता जा रहा है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि



बंसी नगर विद्यालय में विश्व गौरैया दिवस पर बच्चों को संबोधित करते डिप्टी रेंजर।

वे गौरैया के संरक्षण के लिए आगे आएं और इसके लिए छोटे-छोटे प्रयास करें।

कार्यक्रम में वन रमाकांत मिश्रा, वन दरोगा गरिमा, मोटिवेटर धनीराम और नाजरुन निशा ने भी अपने विचार रखे और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में सभी विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को गौरैया संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इसके अलावा, द नेचर सोसायटी द्वारा ग्राम देवीपुर स्थित 'कम टू माई स्कूल' में भी विश्व गौरैया दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव ने कहा कि घटते वन और वन्य जीव आज प्रकृति के संतुलन के लिए बड़ी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर

● बंसी नगर और देवीपुर में गोष्ठियां आयोजित, पर्यावरण संतुलन पर दिया जोर

भविष्य के लिए हमें गौरैया सहित सभी पक्षियों और वन्यजीवों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार ने कहा कि प्रकृति द्वारा दिए गए संसाधनों का संतुलित उपयोग कर ही हम गौरैया और अन्य जीवों को बचा सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक रवि कुमार सहित कई शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को गौरैया संरक्षण का संकल्प दिलाया गया, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

आवश्यकता है
लोहे के सामान एंगिल, पाइप, पत्ती, चादर की बिक्री हेतु अनुभवी अथवा फ्रेशर मुनीम की सैलरी दस से बीस हजार
सम्पर्क करें प्रातः 9 से सायं 7
श्री वर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेमनगर, बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा का निधन, शोक



पीलीभीत, अमृत विचार : शहर के सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा का शुक्रवार दोपहर बाद निधन हो गया। वह फरीदपुर गए हुए थे और अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। रिश्तेदार और परिजन उन्हें आनन फानन में अस्पताल ले गए। वहाँ चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके भाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि अन्त्येष्टि शनिवार दोपहर तीन बजे मुक्तिधाम पर होगी। निधन की सूचना के बाद परिजन को ढांढस बंधाने के लिए विभिन्न संगठन के पदाधिकारी, शिक्षक पहुंचे।

नवरात्र विशेषकोरोना के संकटकाल में फूंकी इरादों में जान, स्वयं सहायता समूह बनाकर दिया तमाम महिलाओं को काम, करोड़ों का टर्न ओवर

# अन्नपूर्णा बनकर क्षितिज पर छाई बरेली की कुसुम, आधी आबादी का दिखा रहीं दमखम






स्वयं सहायता समूह में काम करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



समूह संचालिका कुसुम।

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचारः** बेटियों की उड़ान है, जो छू रहीं आसमान हैं। ये कहानी पढ़ते-पढ़ते सफलता के सोपान चढ़ने वाली बरेली की बेटी कुसुम की है, जिन्होंने महिलाओं के सम्मान एवं संपन्नता के लिए नए रास्ते खोल डाले हैं। कोरोना संकटकाल में जब हर तरफ काम-धंधे ठप हो रहे थे और देश-परदेश से लोग बेरोजगार होकर लौट रहे थे। विषम हालात में किसान की बिटिया ने स्वयं सहायता समूह बनाकर सबको जीने की नई दिशा दिखाई। महिलाओं को जोड़ा और कारवां बनता चला गया। अब करोड़ों के टर्न ओवर के साथ कुसुम का 'अन्नपूर्णा ग्रुप' आधी आबादी का दम दिखा रहा है और लखनऊ-दिल्ली तक ख्याति पा रहा है। बरेली में बहेड़ी तहसील क्षेत्र के गांव ग्राम गुरसौली की रहने वाली कुसुम के सपनों की उड़ान देखकर लोग उसे 'अन्नपूर्णा' कहते हैं तो प्रशासनिक हलकों में पहचान 'गन्ना गर्ल' की बन चुकी है। गन्ना उत्पादक क्षेत्र में रहने वाला कुसुम का परिवार खेती-किसानी से जुड़ा है और उसकी उम्र अभी 25 साल है। वह पोस्टग्रेजुएशन करने के साथ 'अन्नपूर्णा'नाम से महिला स्वयं सहायता समूह चला रही हैं। समूह से स्वावलंबन तक का सफर गांव की लड़की ने महज पांच बरस में पूरा करके दिखाया है।

खेत-खलिहान को करीब से जानने-समझने वाले कुसुम पहले ग्रेजुशन कर आगे की पढ़ाई की तैयारी में थी। अचानक कोरोना त्रासदी ने सबकी जिंदगी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए थे। एक तो महामारी, ऊपर से आर्थिक संकट ने आम लोगों को बड़ी मुसीबत में डाल रखा था। कुसुम ने गांव में कितने ही परिवारों को रोजी-रोटी के संकट से जूझता देखा तो उसने कुछ नया करने का फैसला ले डाला। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए वह घर से बाहर निकलीं और गन्ना विभाग की मदद से 11 महिलाओं को साथ लेकर स्वयं सहायता समूह बनाया। उनके समूह ने गन्ने की उन्नत नर्सरी तैयार करना शुरू कर दी। बर्मी कंपोस्ट से हर पौधे में नई जान फूंकने का काम किया। देखते-देखते उनकी मेहनत रंग लाने लगी। छोटा से प्रयास ने गांव में स्वरोजगार आंदोलन का रूप ले गया। कुसुम की कामयाबी चर्चे सरकार तक जा पहुंचे।

कुसुम के कौशल व हौसले को देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें दो बार सम्मानित कर चुके हैं। पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की 11 चुनिंदा महिलाओं के साथ और दूसरी बार उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें वर्ष 2022-23 गौरव प्रदान किया गया। गन्ना आयुक्त ने भी राज्य में नंबर-1 पौध वितरण पर कुसुम का सम्मान किया है।

कुसुम के समूह में इस समय 21 महिलाएं हैं और उनकी कामयाबी देखकर आसपास के गांवों में भी समूह खड़े होते जा रहे हैं। 'अमृत विचार' से बातचीत में कुसुम ने कहा कि लक्ष्य पैसा कमाना नहीं, बल्कि अभावों से जूझते परिवारों के आंगन में संपन्नता के दीप जलाना है। बाहर जाकर नौकरी करने की जगह अपने गांव में रोजगार के अवसर पैदा कैसे पैदा किए जा सकते हैं, उदाहरण सामने है।

### वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस कार्यक्रम एक बरात घर में शुक्रवार को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम वीरांगना अवंती बाई लोधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रह्म स्वरूप वर्मा व छत्रपाल लोधी जिला अध्यक्ष जिला लोधी सभा द्वारा की गई। आशीष लोधी, चंद्रसेन वर्मा, भरत सिंह, कांताप्रसाद, सुरेश कुमार, जयजयराम राजपूत, शिवचरण लाल आदि रहे।

# कुट्टू आटा, साबुदाना व सेंधा नमक में भी मिलावट

## ब्रांडेड की कॉपी कर उतारे उत्पाद, 10 टन से अधिक खपत होने की उम्मीद, नवरात्र में सक्रिय हुए मिलावटखोर

- बीते साल औपचारिकता में सिमटी रही कार्रवाई, जो नमूने जुटाएं वो भी फेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




शहर के बाजार में एक दुकान पर बिक्री के लिए रखा कुट्टू का आटा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नवरात्रि पर्व का आरंभ हो चुका है। ऐसे में व्रत के दौरान खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों की डिमांड भी बढ़ गई। मगर, इन सभी खाद्य पदार्थों को सोच समझकर ही खरीदें।

दरअसल कुट्टू आटे समेत व्रत में खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों की डिमांड बढ़ती देख मिलावटखोर पहले से ही बाजारों में सक्रिय हो चुके हैं। हालांकि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए अभियान भी चलाया जाता है। मगर, यह सबकुछ औपचारिकता की भेंट चढ़ता रहा है। बीते साल भी मिलावटखोर खासे सक्रिय रहे थे। जिम्मेदारों ने चंद सैंपल भी लिए, लेकिन इन सबकी रिपोर्ट तब आई, जब दुकानों में रखा सारा मिलावटी माल खप गया। फिलहाल मिलावटखोरों से जुर्माना वसूलकर उन्हें बख्श दिया गया। इस बार भी अभी कोई सुध नहीं ली गई है।

बीते गुरुवार से नवरात्र पर्व की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्र में देवी भक्त माता की उपासना करने के लिए नौ दिनों का व्रत रखते हैं। व्रत के दौरान कई लोग कुट्टू के आटे से बनी पूड़ियों समेत व्रत के दौरान खाए जाने वाले अन्य पदार्थों का सेवन करते हैं। यही वजह है कि नवरात्र के समय कुट्टू के आटे समेत साबूदाना, सेंधा नमक, किशमिश, मुनक्का आदि की डिमांड काफी बढ़ जाती है। कई बार देखने को मिलता है कि बाजार में जिन चीजों की मांग बढ़ती है उनमें मिलावट करके बेचा जाता है। कुछ जानकारों के मुताबिक बढ़ती डिमांड को देखते हुए मिलावटखोरों ने बीते साल की तरह इस साल भी मिलावटी कुट्टू का आटा बाजारों में पहले से खपा दिया है। बताते हैं कि इन मिलावटखोरों ने ब्रांडेड कुट्टू आटे के पैकेट के हुबहू पैकिंग कर उसे बाजार में उतार दिया है। ऐसे में अब अब इसकी पहचान करना भी मुश्किल हो रहा है। व्यापारियों के मुताबिक नवरात्र पर जनपद भर में10 टन से अधिक कुट्टू आटे की बिक्री होने की संभावना है। बाजार की बात करें तो कुट्टू का आटा इन दिनों 250 ग्राम और 500 ग्राम और एक किलोग्राम के पैकेट में बिक्री किया जा रहा है। हालांकि बाजार में कुट्टू का खुला आटा भी मौजूद है, मगर दुकानदार इसे भी पैकिंग का रूप देकर बिक्री कर रहे हैं। उधर, मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के बजाए एफएसडीए के जिम्मेदार ये तर्क दे रहे हैं कि जिले में कुट्टू के आटे की अधिक खपत ही नहीं होती, जोकि बेहद हास्यास्पद प्रतीत होता है।

**महक और बनावट से ऐसे पहचानें असली आटाः** कुट्टू के आटे की असली पहचान उसकी महक और बनावट में छिपी होती है। जब आप असली कुट्टू का आटा सूंघते हैं। तो उसमें हल्की मिट्टी जैसी खुशबू आती है।

जो नेचुरल लगती है। वहीं मिलावटी आटे में या तो कोई खास गंध नहीं होती या फिर उसमें बासीपन महसूस होता है। इसी तरह अगर आप इसे हाथ में लेकर रगड़ते हैं। तो असली आटा थोड़ा दानेदार और खुरदरा लगता है। इसके उलट नकली आटा बहुत ज्यादा महीन और पाउडर जैसा मुलायम होता है। क्योंकि उसमें अक्सर मैदा या दूसरे सस्ते आटे की मिलावट की जाती है।

### पिछले नवरात्र में 21 में छह सैंपल हुए थे फेल

बीते नवरात्र पर्व के दौरान भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से मिलावटी खाद्य पदार्थों की धरपकड़ को अभियान चलाया गया था। जनपद भर में अभियान चलाकर दुकानों में रखे कूट्टू आटा, साबूदाना, मिल्क प्रोडक्ट, सेंधा नमक आदि का पड़ताल की गई। उस दौरान टीम ने कुट्टू आटा समेत करीब 21 सैंपल लिए थे। सभी सैंपलों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक कुट्टू आटे के भेजे गए 03 सैंपलों में एक सैंपल फेल (सबस्टैंडर्ड) पाया गया। वहीं साबूदाना के 03 सैंपलों में तीनों फेल पाए गए। जबकि सेंधा नमक और मुनक्का का 01-01 सैंपल फेल पाया गया था।

### लीवर संबंधी बीमारियां दे सकता है मिलावटी कुट्टू का आटा

जानकारों के मुताबिक कुट्टू के खुले आटे में मिला रासायनिक पदार्थ एफ्लाटॉक्सिन लीवर को संक्रमित करता है। आमतौर पर यह सड़ी मूंगफली में पाया जाता है। इसका स्वाद कसैला होता है। कुट्टू के आटे में मिलने का मतलब है कि खराब मूंगफली को पीसकर इसमें मिलाया जाता होगा। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि मूंगफली खाने के दौरान अचानक ही किसी दाने में पूरे मुंह का स्वाद बिगड़ जाता है। वह इसी एफ्लाटॉक्सिन की वजह से होता है। यह लीवर टॉक्सिस होता है। कुटू के आटे में यह नहीं पाया जाता है। अगर सैंपल में इसकी पुष्टि होती है तो हो सकता है कि उस आटे में सड़ी हुई मूंगफली को पीसकर मिलाया गया होगा। ऐसा आटा सेहत के लिए खतरनाक है। इसके उपयोग से लीवर संबंधी बीमारियां हो सकती है।



















## न्यूज डायरी



### शिविर के तीसरे दिन कई बिंदुओं पर दी जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को स्काउट भवन में श्रमदान किया गया। इसके बाद बीपी सिक्स,ध्वज शिष्टाचार हुआ। जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे ने कैम्प क्राफ्ट के तहत समस्त प्रकार के टेंट का ज्ञान दिया। आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति ने गांठ, बंधन द्वारा दैनिक जीवन में प्रयोग आने वाली वस्तुओं का निर्माण बताया। अनुमान लगाना,कम्पास द्वारा दिशाओं का ज्ञान,वन विद्या आदि का अध्ययन कराया गया। शिविर में शिखा, मोहिनी, अनुष्का, पलक, मुस्कान, किरण, शिवानी, अरुण, पवन, अंजलि, दिव्या, राधिका आदि मौजूद रहे।




### युवा शक्ति को खोखला कर रहीं नशे जैसी कुरीतियां

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को इस बुराई से मुक्त कराने में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.दुष्यंत कुमार ने की। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति हैं और नशे जैसी कुरीतियां इस शक्ति को खोखला कर रही हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.जितेंद्र नाथ मिश्रा ने संचालन और संयोजन किया। उन्होंने नशे के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। बताया कि जागरूकता ही बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है।अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नशा मुक्त रहने और दूसरों को प्रेरित करने की सामूहिक शपथ ली। इस मौके पर प्रोफेसर सत्यनारायण, प्रणव शर्मा,विपन नीरज, डॉ.अनुपम कुमार, डॉ.दुर्गेशधर द्विवेदी, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. राखी मिश्रा, डॉ. केपी सिंह, डॉ. विशाल सक्सेना, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. शेफाली सक्सेना, डॉ. कविता कनौजिया, डॉ. गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### कंपोजिट विद्यालय बंगला की तीन छात्राओं ने लहराया परचम

**पीलीभीत,अमृत विचार :** ब्लॉक पूरनपुर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बंगला की छात्राओं ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना में अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया है। तीन छात्राओं के नवाचारी आईडिया का चयन राष्ट्रीय स्तर की इस योजना के लिए किया गया है। कक्षा सात की छात्रा दिव्या ने सड़क सुरक्षा के लिए स्मार्ट हेलमेट का मॉडल तैयार किया है, जिसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और बैक कैमरा लगा है, जिससे पीछे का दृश्य आसानी से देखा जा सकेगा। वहीं, कक्षा आठ की छात्रा विनीता ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ड्राइवर एंटी-स्लिप अलार्मका आईडिया दिया है, जो ड्राइवर को नींद आने की स्थिति में सचेत कर देगा। कक्षा आठ की ही छात्रा अंजलि ने मरीजों की सुविधा के लिए शॉक एब्जॉर्बर युक्त पेशेंट स्ट्रेचरका मॉडल प्रस्तुत किया है, जिससे ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी मरीज को झटकों से राहत मिलेगी। इस उपलब्धि पर खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने हर्ष जताया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश वर्मा ने छात्राओं को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की इन बेटियों के आविष्कार समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। आंगनवाड़ी ममता देवी ने छात्राओं के आत्मविश्वास और मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ओमकार गंगवार, शिक्षक आशीष कुमार, नवदीप कौर आदि मौजूद रहे।



### नामित सभासदों का चेयरमैन ने किया अभिनंदन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह ने बुधवार को शासन से नामित सभासद डॉ.एसएन सिंह, ग्यारशी लाल मित्तल और महेंद्र सिंह का स्वागत किया। ढोल नगाड़ों के बीच माला पहनाई। उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर विद्या मंदिर के प्रबंधक सुरेंद्र मल्ल, नरेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार सिंह, अरुण सिंह, सुबोध अवस्थी, राकेश मित्तल, सभासद बसीर अहमद, जमील इदरीसी, रामअवतार राणाआदि मौजूद रहे।

# मंदिरों पहुंचे श्रद्धालु, भजन पर झूमे

- दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा आराधना,देर शाम भजन संध्या
- शहर की यशवंतरी देवी मंदिर समेत विभिन्न जगह दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



निरंजन कुंज कॉलोनी के महामातेश्वरी देवी मंदिर भजन संध्या करतीं महिलाएं।

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मौसम का अचानक बदला मिजाज देखने को मिला। रिमझिम फुहारों के बीच बारिशों की छम-छम में तेरे दर पर आए... जैसे भजन गूंजते रहे। भीगते हुए भी श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचते नजर आए। देर शाम मंदिरों में भजन संध्या की गई।

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर, गोदावरी स्टेट कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर और निरंजन कुंज कॉलोनी के महामातेश्वरी देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने घरों में पूजन करने के बाद मइया के दरबार में भीगते हुए पहुंचे। जहां माथा टेका।

दुर्गा सप्तशती के पाठ, शंख और घड़ियाल की ध्वनि से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। घरों में भी मां की ज्योति प्रज्वलित कर दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने मां को पुष्प, फल और मिठाई अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप तप, त्याग और ज्ञान का प्रतीक है। शाम को दूधिया नाथ मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा।

इधर, कासगंज से साइकिल पर सवार एक श्रद्धालु पूर्णागिरी धाम के दर्शन के लिए निकला और पीलीभीत पहुंचकर मां के दरबार में माथा टेका। इसके अलावा यशवंतरी देवी मंदिर में देर शाम को मेले में भीड़ देखने को मिली।

# नामित सभासदों का किया गया स्वागत



सम्मानित किए गए नामित सभासदों संग चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर के एक बरात घर में गुरुवार रात हुए कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित सभासदों का समर्थकों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल रही। उन्होंने नामित सभासद जगन्नाथ उर्फ प्यारेलाल के आग्रह पर देश नगर में सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

नामित सभासद प्रतीक अग्रवाल,पंकजा तिवारी, जगन्नाथ प्यारेलाल,स्वतंत्र देवल ने शहर में विकास कार्यं को बढ़ावा दिए जाने का भरोसा जताया। चेयरमैन ने कहा कि आने वाले समय मे ये सभी सभासद हर पल अपनी जनता के बीच अपने कार्यों को लेकर सजग रहेंगे। शहर को साफ़ स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे है। इस मौके पर उद्योग व्यपार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय नेता अनिल मेहन्द्रू, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, सभासद साकेत सक्सेना, अवतार सिंह मोनू, मनोज शर्मा, सुनीता सिंह, रेखा सिंह परिहार, परमजीत कौर,नितिन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

